प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 18.05.2026 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में 316 नवनियुक्त सहायक आचार्यों और 17 महिला पर्यवेक्षिकाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र, कहा–दो–चार महीनों में होंगी हजारों बहालियां।
- जेटेट भाषा विवाद पर गठित उच्चस्तरीय कमिटी की रांची में पहली बैठक संपन्न, शिक्षा विभाग से मांगा गया क्षेत्रीय भाषाओं का विस्तृत डेटा।
- उच्च शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर झारखंड हाईकोर्ट नाराज, सेवानिवृत्त कर्मियों को बाईस जून तक बकाया भुगतान न होने पर निदेशक का वेतन रोकने का आदेश।
- राजधानी रांची समेत झारखंड के कई जिलों में दोपहर बाद हुई तेज बारिश, मौसम विभाग ने आगामी 21 मई तक जारी किया येलो और ऑरेंज अलर्ट।
- अंतरराष्ट्रीय मंच पर चमकीं रांची की राशि सिन्हा, कोलंबो में आयोजित एशिया केक ऑस्कर 2026 में जीता प्रतिष्ठित पुरस्कार।

***************

रांची के प्रोजेक्ट भवन में आज आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 316 सहायक आचार्यों और 17 महिला पर्यवेक्षिकाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नवनियुक्त शिक्षक सिर्फ नौकरी नहीं, बल्कि राज्य के भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। समारोह में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और श्रम मंत्री संजय यादव भी मौजूद रहे।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नॉर्वे ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट से सम्मानित किया है। ओस्लो में द्विपक्षीय वार्ता के दौरान उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया। यह प्रधानमंत्री मोदी को मिलने वाला 32वां अंतरराष्ट्रीय वैश्विक सम्मान है, जो विश्व मंच पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को दर्शाता है।

***************

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नक्सलवाद का अंत होने के बाद भी हमें चैन से नहीं बैठना है। छत्तीसगढ़ में आयोजित एक कार्यक्रम में गृह मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आग्रह का हवाला देते हुए कहा कि अगले पांच वर्षों के भीतर सभी प्रभावित गांवों को जीवंत आदिवासी समुदायों में बदला जाएगा, ताकि नक्सलवाद के कारण हुए नुकसान की पूरी भरपाई की जा सके।

***************

जेटेट भाषा विवाद सुलझाने के लिए गठित उच्चस्तरीय कमेटी की आज रांची में पहली बैठक हुई। मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक के बाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद और दीपिका पांडेय सिंह ने बताया कि शिक्षा विभाग से नई नियमावली में सुधार के लिए विस्तृत रिपोर्ट और तथ्य तलब किए गए हैं। भोजपुरी, मगही और अंगिका भाषाओं को बाहर किए जाने से उपजे इस विवाद पर अगली बैठक अब 22 मई को होगी।

***************

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय कल भुवनेश्वर में पूर्वी क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन का आयोजन करेगा। सम्मेलन का उद्देश्य कृषि क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देना, किसानों की आय बढ़ाना और केंद्र तथा राज्य सरकारों के बीच समन्वय मजबूत करना है। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। मंत्रालय ने बताया कि सम्मेलन के दौरान विभिन्न योजनाओं की समीक्षा और कृषि क्षेत्र से संबंधित मुद्दों पर चर्चा होगी।

***************

झारखंड हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन और बकाया वेतनमान का लाभ नहीं मिलने पर राज्य सरकार के प्रति कड़ी नाराजगी जताई है। न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने निर्देश दिया है कि आगामी

22 जून तक पेंशन और पांचवें से सातवें वेतनमान का बकाया भुगतान सुनिश्चित किया जाए। ऐसा न होने पर उच्च शिक्षा निदेशक का वेतन रोक दिया जाएगा।

***************

राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत आगामी तीस जून से उनतीस जुलाई तक बीएलओ घर–घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने बताया कि राज्य में अब तक तिहत्तर प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि शेष मतदाताओं की सूची तेईस मई से सभी मतदान केंद्रों पर प्रदर्शित की जाएगी, जहां लोग बीएलओ से संपर्क कर मैपिंग करा सकेंगे।

***************

केन्द्र सरकार ने पश्चिम एशिया संकट के बीच देश में कच्चे तेल और एलपीजी के पर्याप्त भंडार का आश्वासन दिया है। नई दिल्ली में आयोजित अंतर–मंत्रालयी ब्रीफिंग में पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश की रिफाइनरियां सामान्य रूप से काम कर रही हैं और ईंधन की कोई कमी नहीं है।

***************

गोड्डा जिले को आज स्वच्छ ईंधन की बड़ी सौगात मिली है। सांसद डॉक्टर निशिकांत दुबे ने गोड्डा–भागलपुर मुख्य मार्ग पर सीएनजी–पीएनजी स्टेशन का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी का लाइव संदेश भी सुनाया गया। सांसद ने कहा कि सीएनजी से प्रदूषण घटेगा और स्थानीय वाहन चालकों को किफायती ईंधन का विकल्प मिलेगा।

***************

रांची की बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल में महिला कैदी के यौन शोषण मामले पर भाजपा ने राज्य सरकार को घेरा है। रांची स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आज प्रवक्ता अजय शाह ने प्रेस वार्ता कर दावा किया है कि जेल में बंद एक महिला कैदी का कथित यौन शोषण के बाद गुप्त रूप से गर्भपात कराया गया और सबूत मिटाने की कोशिश की गई।

***************

रांची जेल यौन शोषण मामले में कांग्रेस ने भाजपा के आरोपों पर पलटवार किया है। कांग्रेस नेता राकेश सिन्हा ने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा इस मामले में मुख्यमंत्री को पत्र लिखने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि महिला कैदी की मेडिकल जांच में गर्भावस्था की रिपोर्ट नकारात्मक आई है।

***************

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, एनएचएआई ने पलमा–गुमला खंड के अंजनधाम टोल प्लाजा परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। क्षेत्रीय अधिकारी एम.टी. अत्तरदे ने कल्पतरु का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास का संदेश दिया। एनएचएआई ने कहा कि ग्रीन हाईवे अवधारणा के तहत राजमार्गों के किनारे हरित आवरण बढ़ाने के लिए निरंतर वृक्षारोपण किया जा रहा है।

***************

राज्य में अगले कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज बदला रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार आज रांची, खूंटी और गुमला सहित दक्षिणी व मध्य भागों में पचास से साठ किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाएं चलने, बारिश और वज्रपात की आशंका है। मौसम विभाग ने आगामी इक्कीस मई तक राज्य के अधिकांश हिस्सों के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है।

***************

रांची की राशि सिन्हा ने श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में आयोजित चौथे एशिया केक ऑस्कर–वर्ल्ड एडिशन 2026 में अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीतकर देश का मान बढ़ाया है। उन्हें व्हीप्ड क्रीम वेडिंग केक श्रेणी में उत्कृष्ट कला और क्रिएटिविटी के लिए ट्रॉफी और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के चेहरे वाली कस्टमाइज केक बनाने के बाद वे देश–विदेश में सुर्खियों में आई थीं।

*********समाप्त*********